आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

कुलदीप सिंह पठानिया

प्रदेश विधानसभा की आंतरिक सुरक्षा के लिए स्थाई सुरक्षा बल का गठन किया जाएगा। ये निर्णय विधानसभा की आंतरिक सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। उन्होंने कहा कि स्थाई सुरक्षा बल का गठन यू.पी., हरियाणा और पंजाब विधानसभाओं की तर्ज पर होगा। इसमें विभिन्न स्तर के सुरक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थाई तौर पर पद सृजित किए जाएंगे। ये सभी अधिकारी और कर्मचारी विधानसभा सचिवालय के स्थाई कर्मचारी होंगे और सत्र के दौरान कार्य के अतिरिक्त विधानसभा के दोनों परिसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्थाई सुरक्षा बल का गठन प्रदेश सरकार को भेजा रहा है। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए ये भी कहा कि दोनों विधानसभा परिसरों की सुरक्षा चाकचौबंध होनी चाहिए और सत्र के दौरान अनुशासन व सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। बैठक की अतिरिक्त मुख्य सचिव ओमकार शर्मा, डी.जी.पी. अतुल शर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा

भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश राय खन्ना ने कहा है कि देश की जनता को अब राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है। उन्होंने आज शिमला में एक बयान में कहा कि नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और इस बात से राहुल गांधी बहुत परेशान हैं। इसी लिए वह अब अपने बयानों से निवेशकों को हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। अविनाश राय खन्ना ने कहा कि पिछले 60 वर्षों में भारतीय बजार ने जो मार्केट कैप हासिल किया उससे पांच गुणा मार्केट कैप मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में ही हासिल कर लिया गया। इसका सबसे बड़ा लाभ भारतीय निवेशकों खास कर खुदरा निवेशकों को हुआ। उन्होंने कहा कि यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में भारत का मार्केट कैप केवल 67 लाख करोड़ रूपए था आज ये कैप बढ़कर 4 सौ 15 लाख करोड़ रूपए हो गया है।

जगत सिंह

बागवानी मंत्री जगत सिंह ने कहा है कि आगामी सेब सीजन के दौरान सरकार फल उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए यूनिवर्सल कार्टन की शुरूआत सुनिश्चित करेगी। जगत सिंह नेगी आज शिमला में विभिन्न हितधारकों के साथ सेब सीजन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सेब सीजन को सफल बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। बागवानी मंत्री ने फल व्यापारियों के पंजीकरण और उनको लाइसेंस देने व फल उत्पादकों को समय पर भुगतान करने पर भी बल दिया। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को फल उत्पादक क्षेत्रों को टर्मिनल मंडियों से जोड़ने वाली सड़कों के उचित रखरखाव और भारी बारिश और भू–स्खलन से बाधित सड़कों को समय पर बहाल करने के निर्देश भी दिए।

कुलदीप राठौर

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व विधायक कुलदीप राठौर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन पर लोगों का विश्वास बढ़ा है और मतदाताओं ने हिन्दुत्व के एजेंडे को नकारा है। राठौर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि भले ही देश में एनडीए सरकार बनने जा रही है लेकिन ये जायदा दिन नहीं चलेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के शानदार प्रदर्शन का श्रेय राहुल गांधी को दिया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राहुल गांधी को कोई बड़ी जिम्मेदारी संगठन में दी जाए। राठौर ने कहा कि कांग्रेस हाई कमान को इस विचार करना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस सरकार को तोड़ने के प्रयास किए लेकिन उप'–चुनाव में लोगों ने दल बदल को नकारते हुए सरकार को मजबूत किया। राठौर ने लोकसभा की चारों सीटों पर हुई कांग्रेस की हार पर चिंता जताई और कहा कि कांग्रेस संगठन व सरकार को इस हार पर गहन मंथन करने की जरूरत है, ताकि भविष्य में कमियों को दूर किया जा सके।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव परिणामों से भाजपा को जयाद खुश होने की जरूरत नहीं है। प्रतिभा सिंह ने आज शिमला में एक बयान कहा कि देश के मतदाताओं ने भाजपा का चार सौ पार का नारा पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में भाजपा ने भले ही चारों लोकसभा सीटें जीती हैं लेकिन विधानसभा उप–चुनाव में कांग्रेस ने 6 में 4 सीटें जीत कर साफ कर दिया है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत में है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। प्रतिभा सिंह ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के इस्तीफे की मांग को हास्यास्पद करार दिया। उन्होंने कहा कि नैतिकता का पाठ जयराम ठाकुर के मुंह से अच्छा नहीं लगता। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश के लोगों ने दल–बदल व धन–बल को पूरी तरह से ठुकरा दिया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से निराश न होने और जल्द ही होने वाले तीन विधानसभा उप–चुनाव के लिए अभी से जुट जाने को आह्वान किया।